प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

''मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश के मैडिकल कॉलेजों में बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाएगी सरकार।
- केन्द्र सरकार ने प्रदेश में 3 हैलीपोर्ट के निर्माण को दी वन मंजूरी।
- धार्मिक श्रद्धा व हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है महाशिवरात्रि का पर्व– शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर केन्द्र द्वारा दिए गए पैसों की बर्बादी का लगाया आरोप।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश के मैडिकल कॉलेजों में बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। प्रदेश चिकित्सा व दन्त चिकित्सा शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधि मण्डल ने आज शिमला में मुख्यमंत्री से भेंट की और उन्हें अपनी मांगों से अवगत करवाया। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार चिकित्सा संस्थानों को सुदृढ़ करेगी और चिकित्सा महाविद्यालयों में बेहतर उपकरण स्थापित करने को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कैंसर अस्पताल शिमला में रोगी देखभाल सुविधाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को आई.जी.एम.सी. में पैट स्कैन मशीन स्थापित करने के कार्य में तेज़ी लाने को कहा।

हैलीपोर्ट

प्रदेश में 3 हैलीपोर्ट के निर्माण के लिए केन्द्र सरकार ने प्रथम चरण की वन मंजूरी दे दी है। चम्बा ज़िले के होली, पांगी और कुल्लू ज़िले के मनाली में ग्रीन टैक्स बैरियर के पास हैलीपोर्ट बनाया जाना प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने अधिकारियों को हैलीपोर्ट निर्माण को लेकर सभी औपचारिकताएं पूरी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटकों की सुविधा के लिए राज्य सरकार ने हवाई संपर्क बढ़ाने को लेकर हैलीपोर्ट के विकास को विशेष प्राथमिकता दी है। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने बताया कि सभी ज़िला मुख्यालयों और जनजातीय क्षेत्रों में 16 हैलीपोर्ट बनाकर हवाई संपर्क को मज़बूत करने के प्रयास जारी हैं।

महाशिवरात्रि

महाशिवरात्रि का पर्व आज प्रदेश भर में धार्मिक श्रद्धा व हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ लगी है और भजन कीर्तनों से सारा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता––

***महाशिवरात्रि को लेकर आज शिमला सहित प्रदेश के अन्य भागों में वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। सुबह से ही शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ रही और उन्होंने भोलेनाथ को दूध, बेलपत्र सहित अन्य वस्तुएं अर्पित कीं। शिमला के मिडल बाज़ार स्थित शिव मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव के समक्ष नतमस्तक हुये। शिमला के राधा कृष्ण मंदिर से आज भगवान शिव की बारात निकली जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। उधर, हमीरपुर के प्राचीन शिव मंदिर में भी महाशिवरात्रि पर्व की धूम है। मंदिर में इस समय चार पहर की पूजा की जा रही है जो सुबह तक जारी रहेगी। शिव मंदिर कमेटी के प्रधान विजय हांडा ने बताया कि कल सुबह लोग उपवास तोड़ेंगे और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सहित अन्य नेताओं ने प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि की शुभमानाएं दी हैं। रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला।***

सांगला घाटी

किन्नौर ज़िले की सांगला घाटी के रक्छम में पर्यटन विकास पर राज्य सरकार 5 करोड़ रूपए का निवेश करेगी। राज्य पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष रघुबीर सिंह बाली ने आज शिमला में बताया कि इस परियोजना के तहत रक्छम, बटसेरी और खरोगला में रास्तों की मुरम्मत की जाएगी। इसके अलावा सांगला–कांडा तक ट्रॉली आधारित ट्रेल भी विकसित की जाएगी। बाली ने बताया कि पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए राज्य सरकार पर्यटन के बुनियादी ढांचे का विकास कर रही है और अनछुए क्षेत्रों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर केन्द्र सरकार द्वारा विकास कार्यों के लिए दिए जा रहे पैसों की बर्बादी करने का आरोप लगाया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचार की पर्याय बन चुकी है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में अधिकारी नियमों के विरूद्व काम कर रहे हैं और सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग में एक इसी तरह का मामला सामने आया है। विपक्ष के नेता ने कहा कि एक ओर जहां महंगाई के कारण लोगों का जीना मुश्किल हो गया है, वहीं राज्य सरकार लोगों पर नए–नए टैक्स लगा रही है। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि आई.जी.एम.सी. शिमला में बंद पड़े ट्रॉमा सेंटर में मानव श्रम के नाम पर अढ़ाई करोड़ रूपए का घोटाला हुआ है और प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना के तहत मिली पौने 9 करोड़ रूपए की धनराशि का उपयोग एक निजी कंपनी की सुरक्षा दीवार बनाने में खर्च किया गया है।

मंडी–शिवरात्रि

मंडी का अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव कल 27 फरवरी से भव्य शोभा यात्रा के साथ आधिकारिक रूप से शुरू होगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू शिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। आज मण्डी में लघु जलेब और शिव की बारात निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल 5 मार्च को महोत्सव के समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे मंडी ज़िला संवाददाता ................

.

बैजनाथ शिवरात्रि

उधर, कांगड़ा ज़िले के बैजनाथ में 5 दिवसीय राज्यस्तरीय शिवरात्रि महोत्सव आज से शुरू हो गया है। इस दौरान इंदिरा गांधी मैदान में शोभा यात्रा निकाली गई जिसकी अगुवाई तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने की। उन्होंने लोगों को शिवरात्रि महोत्सव की शुभकामनाएं दीं और झंडा फैहराने की रस्म अदा की। राजेश धर्माणी ने कहा कि राज्य सरकार ने कई सुधारात्मक फैसले लिए हैं ताकि हिमाचल को आत्मनिर्भर राज्य बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि बैजनाथ के लिए मुख्यमंत्री द्वारा घोषित पॉलिटैक्निक कॉलेज को लेकर औपचारिकताएं जल्द पूरी की जाएंगी।

मौसम

जनजातीय ज़िलों सहित राज्य की ऊंची चोटियों पर बीती रात से रूक–रूक हल्का हिमपात हो रहा है जबकि राजधानी शिमला सहित अन्य भागों में हल्की वर्षा हुई है। मौसम में बदलाव के चलते लाहौल स्पीति, किन्नौर, चंबा और शिमला जिले की कई ऊंची चोटियों ने बर्फ की सफेद चादर ओढ़ ली है। चम्बा ज़िले की जनजातीय पांगी घाटी में बर्फबारी से 30 सड़क मार्ग अवरूद्ध हो गए हैं। इसके अलावा ज़िले में 63 बिजली ट्रांसफार्मर भी ठप्प हो गए हैं। मौसम विभाग ने अगले 2 दिन प्रदेश के अनेक भागों में भारी वर्षा व हिमपात की संभावना जताई है।

''मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश के मैडिकल कॉलेजों में बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाएगी सरकार।
- केन्द्र सरकार ने प्रदेश में 3 हैलीपोर्ट के निर्माण को दी वन मंजूरी।
- धार्मिक श्रद्धा व हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है महाशिवरात्रि का पर्व– शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर केन्द्र द्वारा दिए गए पैसों की बर्बादी का लगाया आरोप।